तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025



11 नन्हे कलाकारों ने मानस को किया जीवंत



10 सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम से मातृ शक्ति होगी मजबूत






## खबर संक्षेप



### एनएसएस यूनिट वटगन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**घोटिया** | शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन की एनएसएस यूनिट द्वारा 15 नवंबर को ग्राम वटगन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन के आसपास एवं मैदान परिसर की साफ-सफाई करते हुए विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया तथा गंदगी से होने वाली बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने अभियान के दौरान स्वच्छता से जुड़े नारे लगाकर जनमानस को प्रेरित किया। इस अभियान में एनएसएस यूनिट के सभी छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और ग्राम को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

### सरपंच ने सांसद से की अहाता निर्माण व कांक्रीटीकरण करने के लिए राशि की मांग

**गोपालपुर** | नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर मे सरदार वल्लभ भाई पटेल के, 150 वां जयंती के शुभ अवसर पर। युनीटी मार्च के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि कमलेश जांगड़े सांसद लोक सभा जांजगीर चांपा ने सरीक हुए थे। उसी दरम्यान मानमती पहारु साहू सरपंच ने मुक्तिधाम मे आहाता निर्माण एवं काँक्रीटीकरण कार्य के लिए राशि की मांग की गई। ताकि उक्त दोनों कार्य आसानी से हो सके, एवं ग्रामीणों को सुविधा हो सके। गोपालपुर के अनुसूचित जाति के लोगों ने सांसद महोदया से सौजन्य मुलाकात कर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृति करने की लिए लिखित मे आवेदन दिया गया है, उक्त लोगों ने सांसद महोदया को अपने समस्या अवगत कराते हुए कहा कि कोई भी दुख-सुख मे भोजन बनाने एवं खिलाने के लिए भवन नहीं होने के कारण आए दिन बरसात व धूप मे भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है। यदि हम लोगों के लिए भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृति कर देते तो हम लोगों के बहुत बड़ी समस्या हल हो जाता। ऐसे हम सब को उम्मीद है कि आवेदन को गहन अध्ययन कर भवन के लिए राशि की स्वीकृति करेंगे।

### जिला मुख्यालय में 16 को निकलेगी बाब गुरु घासीदास की शोभायात्रा

**महासमुंद**। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महासमुंद की ब्लाक स्तरीय बैठक सामाजिक भवन वार्ड नं 21 में दिनेश बंजारे प्रदेश सहसचिव, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, खोशिल गेंड्रे जिला उपाध्यक्ष, रेखराज बघेल जिला सचिव के विशेष उपस्थिति व ब्लाक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला मुख्यालय महासमुंद में गुरु घासीदास जयंती व शोभायात्रा के संबंध में पूर्व वर्षों की भांति 16 दिसंबर 2025 को भव्य शोभायात्रा निकालनें व ब्लॉक के 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्रों व वरिष्ठजनों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दूसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय में जिलाध्यक्ष व उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने जिला के सभी गांवों में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में फूहड़ नाच गम्मत को प्रतिबंधित कर पंथी टोली, सतनाम भजन मंडली व सतनाम संस्कृति के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन करने तथा गांव के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर भंडारा खोलकर सर्व समाज के साथ सादगी व उल्लास पूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है।

# केन्द्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को दिया गया धान खरीदी के लिए प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ समझाई गईं ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और खरीदी प्रक्रिया की बारीकियां

साहकरी समिति कर्मचारियों के हड़ताल के कारण खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 में समर्थन मूल्य में सुचारु रूप से धान खरीदी हेतु जिले के सहकारी समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में नियुक्त नए केन्द्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर का जिला ऑडिटोरियम में एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में ऑनलाइन धान खरीदी सॉफ्टवेयर सहित धान खरीदी की बारीकियां बताई गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि धान खरीदी प्रति वर्ष होती है। इसमें टोकन काटने, बारदाने की उपलब्धता, प्रतिदिन खरीदी लिमिट शामिल है। धान उपार्जन केंद्रों में आरएईओ एवं पटवारियों को केन्द्र प्रभारी के रूप में ड्यूटी लगाई गई है। केंद्रों में नये कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि सभी सतर्कता और तत्परता से दायित्व का निर्वहन करें, लापरवाही पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा धान खरीदी को अति आवश्यक सेवा के रूप में शामिल किया है। कार्य से इंकार करने वाले अधिकारी-कर्मचारी पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून के तहत कार्यवाही होगी।

## सतर्कता एवं तत्परतापूर्वक दायित्व निर्वहन के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



### हर 10 केंद्रों के लिए तैनात किए गए हैं एक मेंटर

कलेक्टर ने बताया कि केन्द्र प्रभारी और ऑपरेटर के मार्गदर्शन और सहयोग के लिये हर 10 खरीदी केन्द्र के लिये एक मेंटर अधिकारी भी बनाए गए है। धान खरीदी से सम्बधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिये अपने मेंटर से बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैध धान पर निगरानी रखने के लिये उड़नदस्ता दल गठित किया गया है और 12 चेक पोस्ट भी सक्रिय हैं। प्रशिक्षण के दौरान सॉफ्टवेयर के माध्यम से धान की आवक का टोकन बनाना, टोकन जनरेट, प्रिंट, संशोधन, बारदाना प्राप्त करना आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

## वारदात : ई-रिक्शा का इस्तेमाल कर 60,000 मूल्य का लोहे का सामान चोरी

# अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान में चोरी का भंडाफोड़ः 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ सिक्योरिटी गार्ड के देख लेने पर आरोपियों ने सामान छोड़कर भागे

बलौदाबाजार के अंबुजा सीमेंट संयंत्र रवान में 14-15 नवंबर 2025 की दरमियानी रात हुई चोरी का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। ई-रिक्शा में लोड किए गए 60,000 मूल्य के लोहे का सामान सहित कुल 5 आरोपी, जिनमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है, को गिरफ्तार किया गया।

प्रार्थी अमन सिंह निवासी सिक्योरिटी बैरक अंबुजा संयंत्र रवान द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 14-15.11.2025 की दरमियान रात अज्ञात आरोपियों द्वारा संयंत्र से लोहे का पाइप एवं अन्य लोहे का सामान कीमती 60,000 को चोरी कर ई-रिक्शा में लोड कर भाग रहे थे, जिसका पीछा करने पर आरोपियों द्वारा ई-रिक्शा एवं चोरी के समान को छोड़कर अंधेरे में कहीं भाग गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1129/2025 धारा 331(4),305 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### आरोपियों के नाम

- राजू बंजारे (22)
- करन कटारे (21)
- प्रहलाद कोसले (21)
- विक्रम कोसले (20)
- विधि से संघर्षरत बालक एक नफर

### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी के अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त ई रिक्शा के माध्यम से भी चोरी के आरोपियों का पतासाजी प्रारंभ किया गया। कि प्रकरण में ई-रिक्शा के वाहन स्वामी करन कटारे को हिरासत में लिया गया। तत्पश्चात उसके मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी में संलिप्त एक विधि से संघर्षरत बालक सहित कुल 05 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा एक साथ मिलकर 14-15 नवंबर के दरमियानी रात अंबुजा प्लांट के स्टोन लाइन-3 से लोहे का सामान चोरी करना तथा सिक्योरिटी गार्ड के देख लेने पर ई रिक्शा एवं चोरी का समान वहीं पर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को 16 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### गिधौरी में घर में चोरीः आरोपी गिरफ्तार, फरार साथी की तलाश जारी



**गिधौरी**। गिधौरी में घरेलू चोरी की घटना सामने आई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि शाम को घर लौटने पर ताला टूटा और गेट खुला मिला। घटना स्थल पर दो व्यक्ति चोरी के इरादे से घुसे थे, जिन्हें देखकर वे भागने लगे। प्रार्थी ने एक आरोपी को पकड़ लिया। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 16 नवंबर को प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ घरेलू काम से सारंगढ़ गया था। शाम लगभग 7:00 बजे वापस आया तो देखा की गेट का ताला टूटा हुआ था तथा गेट खुला हुआ था, अंदर दो व्यक्ति चोरी करने के लिए घुसे थे, जो कि प्रार्थी एवं उसकी पत्नी को देखकर भागने लगे। इसमें से एक आरोपी को प्रार्थी द्वारा पकड़ लिया गया। घर के अंदर देखने पर सारा सामान अस्त-व्यस्त पडा हुआ था तथा अलमारी का ताला टूटा हुआ था, उसमें रखे नगदी रकम 900 चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 248/2025 धारा 331,305,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी अजय शिकारी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर प्रार्थी के घर चोरी की नियत से, उसके घर का ताला तोड़कर घुसना एवं नगदी रकम चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी से चोरी का नगदी रकम 500 बरामद किया गया है तथा प्रकरण में फरार एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से कार सवार तीन युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

■ बेलेनो कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में पहुंची

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 नवंबर की रात्रि लगभग 9 बजे हिमांशु हुड्डा पिता संदीप हुड्डा उम्र 22 वर्ष निवासी सभंर गोपालपुर थाना रोहतक वर्तमान पता ग्राम करेसरा अपने साथियों विकास पिता भगवान उम्र 27 वर्ष सभंर गोपालपुर रोहतक वर्तमान पता बेमता यशवीर आर्य पिता सुभाष चंद्र उम्र 26 वर्ष रोहतक हरियाणा वर्तमान पता ग्राम औरेठी के साथ बेलेनो कार क्रमांक एचआर 12 एएन 5098 से रायपुर से अपना कार्य कर वापस आ रहें थे कि रायपुर रोड स्थित मान ढाबा के समीप बेलेनो कार का टायर फट जाने के कारण कार अनियंत्रित होकर बिलासपुर रोड से रायपुर रोड में आ जाने के कारण बिलासपुर की ओर से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बेलेनो कार को ठोकर मारकर कर एक्सीडेंट कर दिया। ठोकर इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चें उड़ गए तथा कार में सवार हिमांशु हुड्डा विकास एवं यशवीर आर्य को गंभीर चोट आया तथा एक युवक कार में बुरी तरह चिपक गया था। जिसे देर रात तक पुलिस के जवानों ने बड़ी मुश्किल से युवक को बाहर निकाला तथा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा लाया गया जहां डाक्टर ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी योगेश हुड्डा की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1)184 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर किया गया।

# बिरसा मुंडा 150वीं जयंतीः हर्षोल्लास के साथ मना आदिवासी गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

■ चित्रकला, रंगोली और लोकनृत्य प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में शनिवार को आदिवासी एवं वनवासी समाज के महानायक बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया।

अध्यापकों ने आदिवासी संस्कृति,स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता हेतु बिरसा मुंडा के अतुल्य योगदान एवं उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उत्कृष्ट जीवन यापन हेतु देश के भावी कर्णधारों को प्रेरित किया। तत्पश्चात विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के


▸▸ शेष पेज 11 पर


# सब्जियों के दाम छू रहे हैं आसमान, आम जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेल

■ किसानों की कम पैदावार और मंडी में आपूर्ति की कमी कारण

यहां का साप्ताहिक बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छू रहा हैं। बाजार रहा गुलजार ठंड के दिनों में सब्जियों का भाव आसमान छूने लगा है। फिर भी ग्राहकों ने टूट पड़ा है। प्रत्येक रविवार को शाम को चार बजे से बाजार में सब्जियों खरीदना शुरू हो जाता हैं। किसानों का बाड़ी और खेतों में टमाटर नहीं बोने के कारण मंडी से आ रहे हैं सब्जियों के दामों आया बढ़ोतरी टमाटर के दामों में वृद्धि हुआ है। ठंड के दिनों में सब्जियों का भाव में सस्ता होना चाहिए था। लेकिन अभी सब्जियों के दामों में आसमान छू रहा हैं। ग्राहकों का सब्जियां खरीदना मजबूरी हो गया हैं।



अभी खरीफ फसल का धान कटाई और मिंजाई कार्य जारी है। यहां के साप्ताहिक बाजार में सब्जियां खरीदने के लिए आसपास के ग्रामों से पहुंचते हैं ग्राम पंचायत सेल के गंगासागर तालाब के पास और मोतीपुर पहुंच मार्ग में साप्ताहिक बाजार लगता हैं। सब्जियों के दामों ने किसानों को रूलाया जा रहा हैं। सब्जियां खरीदने में किसानों का पसीना छूट रहा हैं। आम जनता पर जेब पर भारी असर पड़ रहा हैं। सब्जियों के दाम टमाटर 60 रूपये किलो, मूली


▸▸ शेष पेज 11 पर


## गांव में शराब पीने - बेचने वालों पर दंड का होगा प्रावधान

# महिला कमांडो और ग्रामीणों ने दी जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

■ करदा में निकली नशा मुक्ति रैली



ग्राम पंचायत करदा में महिला कमांडो,महिला समूह एवं ग्रामीणों द्वारा रैली निकल कर लोगों को समझाइश देते हुए नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूमपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचानें के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है।महिला कमांडो गांव चौक चौराहों में खड़ी हो कर नशा, शराब से होने वाली नुकसान के बारे में बताई।

बीड़ी, सिगरेट, गांजा, भांग, पीने वालों को जब भरपूर नशा प्राप्त नहीं होता है, तब वे शराब और कच्ची महुआ शराब मादक पदार्थो की ओर अग्रसर होते हैं। नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं। आज का युवा शराब और गांजा जैसे मादक पदार्थों का नशा ही नहीं बल्कि कुछ दवाओं का भी इस्तेमाल नशे के रूप में कर रहा है। इस आसुरी प्रवृत्ति को समाप्त करना परमावश्यक है।बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत करदा महिला,पुरुषों ने बैठक कर निर्णय लिया कि जो गांव में शराब बेचेगा और गांव के सीमा रेखा में शराब पियेगा उसको दंडित किया जाएगा। इस रैली में महिला सरपंच इतवारा कंवर,रामेश्वरी, रत्ना, रामदुलारी, सोनिया, ईश्वरी, लता, जलबाई, राजकुमारी, जीवन बाई, सोनी, पुष्पाबाई, गीता, जामबाई, सुशीला, प्रमिला, कंचन, अमरीका, लेखबाई, राजा बाई, सुहाती, संतोषी, सुभद्रा, गीतादेवी, ईश्वरी बाई, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### धीरे-धीरे मनुष्य हो जाता है व्यसन का आदी

जैसा कि हम सभी जानते है धूमपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर जैसी जानलेवा बिमारी होती है और यह चेतावनी सभी तम्बाकू उत्पादों पर अनिवार्य रूप से लिखी होती है, लगभग सभी को यह पता भी है। परन्तु लोग फिर भी इसका सेवन बड़े ही चाव से करते हैं। यह मनुष्य की दुर्बलता ही है कि वह उसके सेवन का आरंभ धीरे-धीरे करता है पर कुछ ही दिनों में इसका आदी हो जाता है, एक बार आदी हो जाने के बाद हम इसका सेवन करें न करें, तलब ही सब कुछ कराती है।

# मोदी सरकार ने रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा



■ रबी फसलों के समर्थन मूल्य में मोदी सरकार का बड़ा तोहफा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026- 27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। सहकारिता प्रकोष्ठ रायपुर जिला ग्रामीण मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है।

गेहूं के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 160 की वृद्धि की गई है, इससे आप गेहूं का नया समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है चना में 225 रुपए की वृद्धि कर 5875 प्रति क्विंटल दर्ज किया गयार का एमएसपी 300 प्रति क्विंटल बढ़कर 7000 कर दिया गया है सरसों की एमएसपी में 250 रुपए वृद्धि कर 6200 और जौ में 170 की वृद्धि कर 2150 रुपए प्रति क्विंटल दर्ज किया गया है, सबसे ज्यादा कुसुम फसल में 600 प्रति क्विंटल की दर पर बढ़ोतरी कर 6540 प्रति क्विंटल तय किया गया है। सन 2014-15 में 2026-27 तक की रबी फसल की एमएसपी की तुलना करने पर स्पष्ट होता है कि गेहूं की एमएसपी 2014-15 में 1400 थी वह बढ़कर 2585 रुपए हो गई जो कि एमएसपी 1100 से बढ़कर 2150 रुपए हो गई, चना की एमएसपी 3100 से बढ़कर 5875 की हो गई मसूर की एमएसपी 2950 से बढ़कर 7000


▸▸ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से पूर्व प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में विभिन्न स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया गया। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार कार्रवाई के दौरान कुल 557 कट्टा/बोरी धान जब्त किया गया। जिसमें ग्राम कोमाखान में एक किराना दुकान से 100 कट्टा धान जब्त किया गया। ग्राम टेमरी (तह कोमाखान) में 100 कट्टा अवैध धान की जब्ती की गई। नर्रा चेकपोस्ट में 40 कट्टा अवैध धान बरामद जब्त किया गया। ग्राम गनेकेरा में 105 पॉकेट अवैध धान जब्त किया गया तथा तहसील सराईपाली के ग्राम मोहंदा में फुटकर व्यापारी के गोदाम से 212 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। कुल जब्त धानः 557 कट्टा/बोरी धान को संबंधित थाना में सुपुर्द किया गया। सभी मामलों में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**महासमुंद।** चार माह पहले राजधानी रायपुर से वापस अपने गृह ग्राम भोरिंग लौटने के दौरान बिरकोनी के पास दुर्घटना में घायल युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। घटना अगस्त माह में हुई थी जिसके बाद उसे अस्पताल दाखिल कराया गया था जहा ईलाज के दौरान 15 नवंबर को उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगाराम पिता भूखन साहू उम्र 30 साल निवासी भोरिंग 06 अगस्त को शाम करीब 6 बजे अपने मोटर सायकल में रायपुर से अपने गांव भोरिंग जा रहा था। इसी दौरान बिरकोनी मेन रोड पर तेज रफ़्तार मोटर सायकल क्र. सीजी 04 पीक्यू 0430 ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज के लिए डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मामले में आरोपी बाइक क्र. सीजी 04 पीक्यू 0430 के चालक के खिलाफ धारा 184-MOT, 106(1)-NSS के तहत अपराध कायम किया गया है।

### गढ़फुलझर में कुंभ भरण महोत्सव आज

**सांकरा।** कुंभकार महासंघ फुलझर अंचल द्वारा निर्माणाधीन लक्ष्मी नारायण मंदिर गढ़फुलझर (बसना) में कुंभ भरण महोत्सव का आयोजन 17 नवंबर सोमवार को गढ़फुलझर धाम में होगा।
इस दिव्य अवसर पर बैठकी कीर्तन का आयोजन किया गया है, जिसमें संगीतमय भजन, हरिनाम संकीर्तन एवं प्रभु-स्मरण से सम्पूर्ण धाम गूंजायमान होगा। साथ ही भक्तों की आस्था एवं उत्साह का प्रतीक कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें सभी श्रद्धालु अपनी उपस्थिति से धार्मिक गरिमा को बढ़ाएंगे।

### सम्हर सोसाइटी में धान खरीदी की शुरुआत

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के सम्हर सोसाइटी में में पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष व साख समिति अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, सरपंच किशोर साहू, जिला संस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक विनोद दीवान, कन्हैया नायक, चोवाराम साहू, सचिव चंद्रहास नायक, नीलकंठ साहू, गौकरण साहू, रतिराम पटेल, फील्ड आफिसर मोहम्मद चांद, प्रभारी मनीषा गोलछा, ऑपरेटर गूंजेश्वर आदि मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता व सहायिका का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** शहर स्थित वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका दिवस मनाया गया। इस मौके पर नगर पालिका के उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व वार्ड पार्षद पीयूष अमृत साहू द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। उनके द्वारा कराए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया पर बैठक कर जानकारी ली। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे, कीरत सोनी, सहायिका उषा बघेल, द्रौपदी साहू, वार्डवासी रत्ना चंद्राकर, उर्वशी दीवान, सरोजनी मानिकपुरी आदि मौजूद रहे।

## पहले दिन 43 किसानों से 1486 क्विंटल धान खरीदी

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी : बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में दूसरे दिन की खरीदी के लिये 88 केंद्रों से 580 टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ विपरण वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। धान खरीदी के पहले दिन बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में धान खरीदी केंद्रों में 43 किसानों से कुल 1486.8 क्विंटल धान ख़रीदा गया।

धान खरीदी के दूसरे दिन 17 नवम्बर हेतु 88 उपार्जन केंद्रों से 580 टोकन काटा गया है जिससे लगभग 27168 हजार क्विंटल धान की खरीदी होगी। सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों की सुविधाओं के लिये पेयजल, विश्राम के लिये छाया आदि शामिल है। किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।





### सिमगा सोसायटी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

**सिमगा ।** भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं सोसायटी अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया।केन्द्र में धान विक्रय करने आए प्रथम किसान केशव सोनकर का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर शाल श्रीफल भेंट किया गया साथ में उपस्थित उनकी पत्नी को साड़ी भेंट किया गया । धान खरीदी के प्रथम दिवस एक ही टोकन कटा जिसमें किसान केशव सोनकर से 20 क्विंटल 80 किलो की खरीदी की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं छोटेलाल यदु ने कहा कि हमारी सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदी करेंगी । सहकारी समिति के हड़ताल बावजूद भी धान खरीदी केन्द्रों पर वैकल्पिक व्यवस्था कर धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा । इस मौके पर नीरज शर्मा बिसाहू राम साहू प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम अतुल शेटे तहसीलदार अनुराग भट्ट वैकल्पिक धान खरीदी के व्यवस्थापक पटवारी सिकेश ध्रुव उपस्थित थे ।

## भटगांव में धान खरीदी का शुभारंभ



**भटगांव ।** नगर भटगांव में धान खरीदी की शुभारंभ सोसायटी अध्यक्ष रामलाल साहू ने किलो तराजू व भारत माता की पूजा कर चालू किया। भटगांव खरीदी केंद्र में किसान भाईयो को गमछा व श्रीफल देकर सम्मान भी अध्यक्ष द्वारा किया गया। सोसायटी के कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से धान खरीदी प्रभावित हो रही है पहले दिन किसी भी किसानों का टोकन नहीं कटा था। जिसके चलते खरीदी केंद्र में कोई आवक नहीं हुई इस संबंध मे अध्यक्ष ने बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था किया गया है और किसी भी किसानों को धान बेचने मे कोई परेशानी नहीं होगी। उक्त कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक रामरतन रत्नाकर, कृषि उपज मंडी के लेखापाल दिनेश केसरवानी और ढोलाराम सायतोड़े, रामनिवास जायसवाल, ब्रजभूषण केसरवानी, रामाधीन साहू, मुन्ना यादव सहित कई किसान भाई उपस्थित रहे।

## पिसीद सहकारी समिति में धान खरीदी की शुरुआत

**सेल।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिसीद में तराजू बाट का पूजा अर्चना कर धान खरीदी का बोहनी किया गया। सुबह समय 10:30 बजे छत्तीसगढ़ की महत्पूर्ण योजना धान खरीदी केंद्र में धान तौलकर एस डी एम शर्मा अनुविभागीय अधिकारी कसडोल एवं अरुण कुमार सूर्यवंशी सीईओ सहकारिता विभाग बलौदाबाजार भाटापारा कृष्ण कुमार पटेल प्राधिकृत अध्यक्ष सहकारी समिति पिसीद के द्वारा किसान कुमार पटेल को गमछा पहनाकर स्वागत सम्मान किया एवं धान खरीदी केंद्र छांछी मे किसान शिवकुमार वर्मा जी को गमछा पहनाकर स्वागत सम्मान कर सम्मानित कर धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से एस.डी.एम रामरतन दुबे अनुविभागीय अधिकारी कसडोल, अरुण कुमार सूर्यवंशी सीइओ सहकारिता विभाग बलौदाबाजार, कृषि उपज मंडी कसडोल के सचिव साहू मैडम, संतोष वैष्णव सांसद प्रतिनिधि, राकेश कुमार नोडल अधिकारी (पटवारी ) पिसीद, केशव प्रसाद पटेल पटवारी, कृष्ण कुमार पटेल प्राधिकृत अध्यक्ष सहकारी समिति पिसीद, मोहन लाल वर्मा, संतोष (चैतू )साहू, अध्यक्ष किसान संगठन छांछी आपरेटर हेम सागर वर्मा, धान खरीदी केंद्र छांछी नरेश कुमार कैवर्त्य आपरेटर धान खरीदी केंद्र पिसीद, डॉ दरस राम वर्मा मंडल महामंत्री, पिछड़ा वर्ग मोर्चा रामकुमार साहू, कार्तिक बंजारे सरपंच ग्राम पिसीद, होरीलाल ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत छांछी, लक्ष्मी नारायण पटेल, किसन साहू, हेमदास मानिकपुरी, नंदकिशोर वर्मा, बृजमोहन वर्मा एवं अन्य किसान भाइयों की उपस्थिति में हुआ ।



## तराजू-बॉट की पूजा के बाद हुआ धान खरीदी का शुभारंभ

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शनिवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। इसी कड़ी में भाटापारा विधानसभा के टिकूलिया एवं लेवई में भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा ने धान खरीदी केन्द्रो में पहुंच कर धान खरीदी का शुभारंभः इलेक्ट्रानिक मशीन की पूजा-अर्चना एवं धान खरीदी के पहले दिन किसानों का स्वागत फूल-मालाओं के साथ कर प्रारम्भ किया। कार्यक्रम को अविनाश शर्मा ने सम्बोधित कर कहा की पारदर्शी प्रक्रिया से हो खरीदी और समय पर भुगतान लक्ष्य उल्लेखनीय है कि - छत्तीसगढ़ सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि हर किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान बेच सके, समय पर भुगतान पाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सम्मानजनक हो। इसी कड़ी में जिला पंचायत सभापति श्रीकांत जायसवाल ने लेवई में कहा की धान खरीदना सरकार का ध्येय भाजपा सरकार का ध्येय केवल धान खरीदना नहीं। बल्कि, किसान के श्रम का सम्मान सुनिश्चित करना है और यही भावना इस पूरे अभियान की सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर तहसीलदार प्रेमा मिंज, नायाब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, राजू यादव, ठाकुर राम साहू, बूधेश्वर वर्मा सहित अन्नदाता किसान उपस्थित रहे।



## प्रदेशभर में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ

**खरोरा ।** छत्तीसगढ़ में शनिवार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का बहुप्रतीक्षित सीजन का औपचारिक रूप से शुभारंभ हो गया । भोर की पहली किरण के साथ ही प्रदेश भर के उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की हलचल दिखाई देने लगी।

शासन की व्यवस्था अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश की समस्त कृषि सहकारी समितियों में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

इसी क्रम में कृषि सहकारी समिति पचरी में भी धान खरीदी व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद दास, पटवारी योगेश कुमार सिन्हा, समिति अध्यक्ष दाऊलाल वर्मा, सचिव अवध राम वर्मा, रोजगार सहायक अविनाश वर्मा तथा कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश कुमार साहू उपस्थित थे। नोडल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद दास ने बताया कि धान खरीदी हेतु सभी समुचित व्यवस्थाएँ पूर्व से ही निश्चित कर ली गई हैं तथा शासन के निर्देशानुसार निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया जा रहा है। इसी प्रकार कृषि सहकारी समिति कठिया (पंजीयन क्रमांक 414) में भी शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ की गई।



**ये रहे शामिलः** इस अवसर पर समिति अध्यक्ष ललित कुमार वर्मा ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं। कृषि समिति कठिया में उपस्थित जनों में पटवारी नीलमणि साहू, रमेश कुमार बघेल, हीरा सिंह वर्मा, धीरेंद्र कुमार वर्मा, समय लाल धीवर तथा कंप्यूटर ऑपरेटर रूबी बंजारे शामिल रहे। धान खरीदी की सुचारू एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु समितियों द्वारा सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, जिससे किसानों को समय पर और आसान प्रक्रिया के माध्यम से लाभ प्राप्त हो सके।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विशिष्ट मातृशक्ति का किया गया सम्मान

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम से मातृ शक्ति होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा ।

मां सरस्वती बाल कल्याण समिति के द्वारा आयोजन में सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के बाद मां सरस्वती वंदना से हुई। दीदी कंचन वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता सोना वर्मा ने मातृ शक्तियों के महत्व और परिवार समाज में उनके योगदान की बात कही।

सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा में रविवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य संयुक्त परिवार की संकल्पना को सुदढ़ करना और स्त्री में निहित सप्त शक्तियां श्री वाम, स्मृति, मेधा, धुति और क्षमा को जागृत कर परिवार व निर्माण में नारी की भूमिका भूमिका को सशक्त बनाना था। मुख्य वक्ता सोना वर्मा भाजपा मंडल खरोरा अध्यक्ष ने अपने भारतीय परिवार परंपरा, संयुक्त दुनिया की महत्ता और वर्तमान समय में परिवारों में आ रहे बिखराव पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नारी में विद्यमान सप्त शक्तियां उसे परिवार को सुसंस्कृत व संपन्न बनाने में सक्षम बनाती हैं। सामाजिक समरसता पर्यावरण, संरक्षण, सस्वबोध नागरिक कर्तव्य बोध और कुटुंब प्रबंधन इन पंच परिवर्तनों से भारत पुणे विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित होगा। उन्होंने कहा परिवार केवल मैं और मेरा तक सीमित नहीं, बल्कि माता की पांच और पिता की सात पीढ़ियों का समन्वय ही कुटुंब कहलाता है।




अध्यक्षता सुनीता सोनी नगर पंचायत अध्यक्ष ने मातृ शक्तियों के महत्व और परिवार समाज में उनके योगदान की बात कही। मुख्य अतिथि कृष्णा अग्रवाल समाजसेवी अग्रवाल समाज अध्यक्ष ने और पिता की साल पीढ़ियों का अपला, मैकेयी, सिंधुताई जैसी भारतीय नारियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारतीय नारी जर अपनी शक्तियों को पहचानती है तो परिवार समाज और राष्ट्र सभी प्रगति के पथ पर आगे बढ़ती है। जननी है और सशक्त नारी ही सशक्त समाज के पहचान है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। रानी लक्ष्मीबाई, जीजामाता अहिल्याबाई होलकर और तीजनबई जैसी धीरांगनाओं की वेशभूषा में बालिकाओं ने आकर्षक व प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मातृ शक्ति से धार्मिक प्रश्न पूछे गए और उनके उत्तरों के आधार पर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किया।

## राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ तीसरा टेस्ट



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी. बसंत साव ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में तीसरा टेस्ट पेपर विज्ञान, अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ इसमें विज्ञान, अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर आदि के प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने कुल 81 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में चौथा टेस्ट का आयोजन 23 नवंबर 2025, रविवार को भारत का भूगोल एवं छत्तीसगढ़ का भूगोल का टेस्ट आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप

### बीकेबाहरा में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम बीकेबाहरा में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। भगवान बिरसा मुंडा को सभी लोगों नें श्रद्धाभाव से स्मरण किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी ध्रुव गोंड समाज खल्लारी परिक्षेत्र (द) बीकेबाहरा के अध्यक्ष बलराम छैदेहा, ग्राम के सरपंच खेमराज साहू, डॉ. केशर दीवान, विष्णु साहू भाजपा नेता उपस्थित थे। अतिथियों ने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे जननायक थे, जिन्होंने भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और गांधी से भी पहले अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध संघर्ष का प्रारंभ किया था। डॉ. केशर दीवान ने समाज को उत्साहित करते हुए जननायक बिरसा मुंडा की वीरता, संघर्ष और उनके ऐतिहासिक योगदान के बारे में विस्तार से बतलाया। युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हेमंत छैदेहा ने इस कार्यक्रम क़े सफल आयोजन के लिए समाज के वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और युवा प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों व पुरखा पेन एवं समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन मनोहर नेताम ने किया। इस अवसर पर सोनबाई, बिरझा बाई, जानकी बाई, मानबाई, खुमेश, चंचल, तब्बू,रिमा, पंचू मराई, हनुमान सिंह नेताम, सेवक राम, थानेश्वर, संतोष, जयसिंह, सुरेश, सुरेंद्र, टिकेश, गोपाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### स्वप्निल भाजपा के जिला प्रवक्ता नियुक्त

**महासमुंद।** भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी को भाजपा जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। नियुक्ति से भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। खास तौर पर भाजपा के युवा नेताओं ने नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पार्टी के जिला संगठन में युवा वर्ग की प्रभावी भूमिका नजर आएगी।बता दें कि हाल ही में भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने अपनी टीम घोषित की जिसमें भाजयुमो नेता स्वप्निल तिवारी को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। तिवारी काफी समय से पार्टी संगठन में सक्रिय रहे हैं और पार्टी द्वारा सौंपे गये विभिन्न दायित्वों का बखूबी निर्वतन करते आ रहे हैं। पूर्व में वे युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैसे अन्य कई दायित्वों का निर्वहन करते रहे है। नियुक्ति पर पार्टी का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां खास तौर पर भ्रामक कांग्रेस प्रचार-प्रसार के प्लेटफार्म पर जिस तरह से लोगों को गुमराह करती है, उसका उसी ढंग से मुक़ाबला करना जरूरी है इसलिये संगठन में प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है, जिसका निर्वहन मेरे द्वारा पूरी तत्परता एवं संजीदगी से करने का भरसक प्रयास किया जाएगा।

### सायबर ठगी से बचने के लिए कठपुतली डांस के माध्यम से किया गया जागरूक




**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को सायबर ठगी से बचने के लिए कठपुतली डांस के माध्यम से जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसमें राजस्थान से आए कलाकारों ने कठपुतली डांस दिखाते हुए मनोरंजक ढंग से यह बताया कि सायबर ठगी से कैसे बचना चाहिए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारी एमके अग्रवाल ने बताया कि अगर ग़लती से कोई ठगी का शिकार हो जाए तो उसे तुरंत 1930 नंबर पर फ़ोन कर शिकायत दर्ज कराना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य जीआर सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, खोमन चंद्राकर, देवेंद्र कुमार शर्मा, तुलसी राम साहू, हेमंत खुंटे, पूजा साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमलता कंवर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में सवालों के सही जवाब देने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया ।

# खैरा रोहांसी में साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन मेले का आयोजन

## कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों ने सीखा बुनियादी कौशल को मजबूत करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बच्चों का मुँह मीठा कर एवं उपहार प्रदान कर बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सर्वोच्च प्राथमिकता 'निपुण भारत मिशन' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक विद्यालय खैरा रोहाँसी में आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन मेले का सफल आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों में बुनियादी सीखने के कौशल को मजबूत करना और इसमें समुदाय तथा अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था,यह पहल बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा की गुणवत्ता समझाने और दैनिक जीवन के क्रियाकलापों के माध्यम से सीखने एवं पढ़ाई को रुचिकर बनाये जाने हेतु आयोजित की गई, मेले की मुख्य गतिविधियाँ मेले में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न स्टॉल और गतिविधियां आयोजित की गईं, इनमें शारीरिक विकास खेल-आधारित गतिविधियाँ, बौद्धिक विकास पहेलियाँ और तार्किक खेल, भाषा विकास साक्षरता कहानी सुनाना, पढ़ना-लिखना और शब्दावली खेल, गणितीय विकास संख्या ज्ञान बुनियादी गणितीय अवधारणाओं को समझने के लिए गतिविधियाँ,बच्चों का कोना रचनात्मक और कला-आधारित कार्य, अभिभावक उन्मुखीकरण अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में घर पर मदद करने के तरीके समझाए गए




### सामुदायिक भागीदारी एक महत्वपूर्ण कदम है

इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष केश राम ध्रुव नें इस अवसर पर कहा कि बच्चों के मूलभूत सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है, FLN मेला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, प्रधानपाठक पुरुषोत्तम लाल यादव नें कहा कि इस मेले का उद्देश्य 2026-27 तक सभी बच्चों के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करने के राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करना है । कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिलीप कुमार साहू नें किया । इस अवसर पर सुरीत, सागर, दिलीप, ओमप्रकाश, गणेश राम, सत्यप्रकाश, भीष्मदेव, कमल, पूरन, सत्या ध्रुव, मिलापा, नंदनी, सावित्री, रुखमनी, पम्पा बाई, दसोदा, नेहा पुन्नी बाई ममता, माहेश्वरी, राजकुमारी, उर्मिला, जानकी, सुमन आदि पालकगण एवं बच्चे शामिल हुए ।

## आयोजन : पाठशाला स्कूल में 'शंखनाद' वार्षिकोत्सव

# नन्हे कलाकारों ने मानस को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार








पाठशाला स्कूल में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव 'शंखनाद – एन एपिक रिटोल्ड बाय लिटिल हार्ट्स' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अतिथि-विशेष के रूप में अशोक जैन अध्यक्ष, नगरपालिका एवं पुष्पराज वर्मा उपस्थित रहे।

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य एस.के. पांडेय, वंदिनी श्रीवास्तव, ऋतु शुक्ला तथा योगेश अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

समारोह में नन्हे विद्यार्थियों ने सतयुग से कलियुग, राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, जटायु युद्ध, शबरी मिलन, हनुमान लीला, सेतु निर्माण तथा राम–रावण युद्ध जैसे रामायण के प्रमुख प्रसंगों को मनमोहक नृत्य-नाट्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बच्चों की ऊर्जा, पवित्रता और अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिनमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर बालक ओजस यादव एवं बालिका सांवी सिंह को विशेष सम्मान मिला। शिक्षकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रस्तुत 'राम की अयोध्या वापसी, राज्याभिषेक एवं सामूहिक आरती' ने सभागार को दिव्यता से भर दिया।

पूरे हॉल में आध्यात्मिक वातावरण गूंज उठा जब 108 बार "जय सिया राम" का नारा लगाया गया और सैकड़ों दीपों की रोशनी ने दृश्य को अलौकिक बना दिया। विद्यालय के चेयरमैन अनुप जैन, निदेशक युवराज जैन और प्राचार्या पूजा जैन ने सभी अतिथियों अभिभावकों और शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

# 88 छात्रों ने किया आर्ट ऑफ लिविंग का बेसिक कोर्स





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजश्री सद्भावना समिति द्वारा संचालित संस्था लाइफ केयर कॉलेज में 'आर्ट ऑफ़ लिविंग' का बेसिक कोर्स पूर्ण हुआ। इस कोर्स को चार दिनों में पूरा किया गया, जिसमें कॉलेज के 88 छात्रों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 8 से 10.30 बजे तक कॉलेज के मल्टीपरपज हॉल में संचालित हुआ।

प्रशिक्षण का संचालन 'आर्ट ऑफ़ लिविंग' की प्रमाणित प्रशिक्षक आकांक्षा नायक द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में आने वाली पारिवारिक, व्यवहारिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उपयोगी उपाय बताए। साथ ही विभिन्न खेल, गतिविधियां एवं व्यवहारिक अभ्यास कराकर छात्रों को उत्साह से भरपूर रखा। कॉलेज की ओर से कार्यक्रम समन्वय की जिम्मेदारी पिंकी गुप्ता ने प्राचार्य मितेश शरीन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज की संचालिका शकुन डहरिया ने सभी के प्रति आभार जताया।

## भाजपा मंडल टुण्डरा ने जारी किया शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक का नाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

भाजपा मंडल टुण्डरा के कोर ग्रुप का बैठक 14 नवंबर को नगर पंचायत टुण्डरा में संपन्न हुआ। जिसमें शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक, सह संयोजक का गठन किया गया।

जिसमें मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार साहू, नगर अध्यक्ष छत राम साहू, पूर्व जिला मंत्री रामप्रसाद साहू, पूर्व महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मंडल प्रतिनिधि डॉ एम एल वर्मा, उपाध्यक्ष संतराम पटेल, अजय कुमार सांडे उपाध्यक्ष, महामंत्री नामदेव पटेल, साधराम प्रजापति ,दामोदर कर्ष, एवं जिला उपाध्यक्ष पुनी राम पटेल के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक का गठन किया गया है। 1 बलौदा शक्ति केंद्र में प्रभारी नामदेव पटेल, संयोजक ब्यासनारायण श्रीवास, सह संयोजक अतुल केशरवानी, 2 बरपाली शक्ति केंद्र प्रभारी सूरज कुमार पटेल, संयोजक नरेंद्र साहू, सह संयोजक शिवकुमार साहू, 3 टुण्डरा का प्रभारी दुर्गेश कुमार साहू, संयोजक दामोदर कर्ष, सह संयोजक लक्ष्मी धीवर, 4 गिधौरी प्रभारी रामप्रसाद साहू, संयोजक राजा वर्मा, सह संयोजक राममोहन वर्मा, 5 कुम्हारी प्रभारी अजय कुमार सांडे, संयोजक गंगा प्रधान, सह संयोजक नरोत्तम वर्मा, 6 नरधा प्रभारी संतराम पटेल, संयोजक देवेंद्र कुमार साहू, सह संयोजक राम गिलास यादव, 7 बरेली प्रभारी सत्यनारायण पटेल, संयोजक दयाराम पटेल, सह संयोजक राधे श्याम पटेल, 8 मटिया प्रभारी घासी राम मनहर, संयोजक लाल बहादुर साहू, सह संयोजक किशन केवट, 9 अमोदी प्रभारी साधराम प्रजापति, संयोजक नरेश जायसवाल, सह संयोजक शिवांशु कैवतर्य, 10 रामपुर डॉ एम एल वर्मा संयोजक पुरुषोत्तम साहू, सह संयोजक शंकर लाल कैवतर्य, 11 गिरौदपुरी प्रभारी शत्रुघ्न प्रधान संयोजक बंशराम कुर्रे, सह संयोजक सुपाल कैवतर्य, 12 महाराजी प्रभारी प्रहलाद साहू, संयोजक विष्णु रजक, सह संयोजक चेतन सिंह, 13 अर्जुनी प्रभारी नोखराम पटेल, संयोजक कीमत लाल बरिहा, सह संयोजक जासल बरिहा का गठन किया गया है।

## बाइक की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम तोषगांव के धान मंडी के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला बसना थाना क्षेत्र का है। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।बसना पुलिस को प्रार्थी गौचरण डडसेना निवासी ग्राम खरोरा ने बताया कि 15 नवंबर की शाम करीब 04.30 बजे उसके पिताजी जावासिंह डडसेना अपने मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस क्र सीजी06जी8925 से उसके चाचा के पुत्र चैतन के साथ भाड़ा का पैसा लेने ग्राम पझरापाली जा रहे थे और शाम 5 बजे के आसपास ग्राम तोषगांव धान मंडी के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे मोटर साइकिल प्लेटिना क्र सीजी06के9386 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक तथा खतरनाक ढंग से चलाते हुये पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे प्रार्थी के पिताजी जावासिंह व पीछे बैठे चैतन मोटर साइकिल सहित गिर गये। गिरने से जावासिंह के सिर, पैर एवं हाथ तथा भाई चैतन के सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें पर लाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी बसना ले जाया गया, डॉक्टर ने चेक करने के बाद जावासिंह की मृत्यु हो जाना बताया, वहीं चैतन का इलाज चल रहा है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# संयंत्र के सहयोग से 10 परिवारों को मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक कुकरदी सीमेंट संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वरोजगार से जोड़ने 10 हितग्राहियों को हाथ ठेला प्रदान किया गया। यह पहल संयंत्र प्रमुख पवन कुलकर्णी के दिशा निर्देश और एचआर प्रमुख प्रतीक भटनागर के मार्गदर्शन में की गई।

ग्राम सेम्हराडीह में 4, पिपराही व सरकीपार में 1-1, ढनढनी में 2 तथा कुकरदी में 2 हितग्राहियों को संबंधित ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगणों की उपस्थिति में हाथ ठेला वितरित किया गया। सीएसआर विभाग के अनुसार ठेला मिलने से लाभार्थी सब्जी, फल, गोलगप्पे आदि बेचकर अपनी मासिक आय में वृद्धि कर सकेंगे। यह मेंटेनेंस फ्री होने के साथ पर्यावरण के अनुकूल भी है, जिससे काम में आसानी होगी।

परियोजना के अंतर्गत पहले जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना से अवगत कराया गया तथा पूर्व कार्य अनुभव के आधार पर चयन किया गया। इस सहयोग से लाभार्थी अब सम्मान पूर्वक अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में हितग्राहियों ने अल्ट्राटेक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्तिकेश बघमार, राजेंद्र कुशवाहा, दया वर्मा और समर यदु का विशेष योगदान रहा।

# बिरसा मुंडा का त्याग और संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणाः खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नर्मदा ज़िले के डेडियापाड़ा से वर्चुअली जुड़कर संबोधित किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस अवसर पर कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव, सम्मान और प्रेरणा का दिन है। हम यहां धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि पिछले एक वर्ष में जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के विकास के लिए पीएम योजना के तहत 3025 हितग्राहियों का आधार कार्ड, 1887 का आयुष्मान कार्ड, 2102 का बैंक खाता, 3099 का राशन कार्ड एवं 1380 हितग्राहियों का सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र बनाया गया है। पी एम जनमन अंतर्गत 678 आवास, 26 सड़क, पेयजल, विद्युत आंगनबाड़ी की सुविधा दी गई है।

## धान खरीदी व्यवस्था पर सरकार को घेरा

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कांग्रेसजनों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल का क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने जांजगीर जाते समय सिमगा के ग्राम चंदेरी स्थित गो हाइवे होटल में गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से फसल की स्थिति का जायजा लिया तथा धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष रूप से फीडबैक लिया। इस अवसर पर श्री बघेल ने धान खरीदी में हो रही अव्यवस्थाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ खुला मज़ाक कर रही है। सोसायटी कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, मगर सरकार ने बातचीत करना जरूरी नहीं समझा। कल पूरे प्रदेश में दिखावे के लिए सिर्फ 2–5 बोरी धान खरीद अपनी नाकामी छिपाने का ड्रामा किया गया है।उन्होंने आगे कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में ताले लटके हैं किसान सुबह से लाइन में खड़े होकर लौट रहे हैं, एग्रीटेक पंजीयन ठप पड़ा है, फिर भी सरकार को किसानों की पीड़ा दिखाई नहीं देती। यह सरकार खेती-किसानी से बेख़बर है और किसानों की रोज़ी-रोटी के साथ खिलवाड़ कर रही है। अगर यही हाल रहा तो किसान सड़क पर उतरने मजबूर होंगे। वहीं विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने सभी सोसायटियों की स्थिति की जानकारी देते हुए एग्रीटेक पंजीयन में आ रही समस्याओं को विस्तार से बताया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जीव-जंतु बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, कुबेर यदु,मंडल अध्यक्ष हीरालाल साहू, श्यामलाल देवांगन, संतोष सोनी, अरुण यादव, अभिनव यदु, रमेश धृतलहरे, रंजीत सोनवानी, मोहन गायकवाड़, लाला वर्मा, आगेश जांगड़े, आकाश मांडले, दिनेश साहू, सोनऊ लहरे, अय्यूब खान, दशरथ चंद्राकर, हितेश साहू, इंदरमन साहू, वीरेंद्र वर्मा, प्रभू यदु, समेलाल साहू, रतिराज साहू, हेमलाल साहू, साहिल मसीह सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### बिरसा मुंडा 150वीं...

लिए चित्रकला, रंगोली एवं लोकनृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कु. उर्वशी भारती राधिका एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत गौरा गौरी नृत्य, प्रतिमा पूनम तानिया चांदनी और साथियों द्वारा प्रस्तुत सुआ नृत्य ने भरपूर तालिया बटोरी। वही चित्रकला में देवेंद्र,अजय कु गंगा यामिनी का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा। रंगोली में कु. मारिया, मेघा, काजल, ओमकार, भावेश, तुषार, हेमप्रकाश, का उत्कृष्ट योगदान रहा। जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा, शिक्षकगण अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, सनत खरे, इंद्रकुमार कोसले, परस साहू, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, विद्या साव सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रमेश नेगी ने किया।

### सब्जियों के दाम...

40 रूपये किलो, बरबट्टी काला वाला 80 रूपए किलो, सफेद वाला 40 रूपये किलो, करेला 80 रूपये किलो, लाल भाजी 40 रूपये किलो इसी तरह से सभी सब्जियों दामों में आसमान छू रहा हैं।

### मोदी सरकार ने ...

हो गई सरसों की एमएसपी 3050 रुपए से बढ़कर 6200 हो गई इस प्रकार कुसुम की एमएसपी 3000 से बढ़कर 6540 हो गई है । इस तरह मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में प्रत्येक फसल में दो गुना या इससे अधिक की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है जिससे किसानों की आय में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
14 नवम्बर 2025
SHOW TIME
एम.ए प्रीवियस सीजी
शो समय - 12:00, 6:00 PM
माटी सीजी
शो समय - 03:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# बब्बू होटल से छाबड़ा निवास तक सड़क निर्माण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

वार्ड क्रमांक 19 में बब्बू होटल से छाबड़ा के घर तक बनने वाले 6.28 लाख रुपये की लागत वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सी.सी. रोड निर्माण का यह कार्य वार्ड में बेहतर आवागमन, स्वच्छता और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात का लाभ प्राप्त होगा।

## पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा और नपाध्यक्ष की रही उपस्थिति



### सड़क निर्माण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्णः नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा और सहज आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस सड़क निर्माण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विकास के हर कदम के पीछे क्षेत्रवासियों का विश्वास, सहयोग और सहभागिता ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भाटापारा के सर्वांगीण विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी और इसके पूर्ण होने पर वार्डवासियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनसुविधाओं को व्यापक रूप से बेहतर बनाने के लिए नगर में कई कार्य नियोजित हैं, और जनता के सहयोग से ये सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएंगे।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर सभापति गोविन्द पटेल, पार्षद उमाशंकर वर्मा, पार्षद भुवन ठाकुर, बब्बू मंधान दशरथ साहू, सहित नगर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं सम्मानित वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पौधारोपण की भौतिक सत्यापन व जांच की हुई मांग

**सिमगा** । अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर से ग्राम पौंसरी स्थित पाईप फैक्ट्री द्वारा किए गये वृक्षारोपण की भौतिक सत्यापन एवं विधिवत जांच करने की मांग की है। अली ने बताया कि आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा समीपस्थ ग्राम पौंसरी स्थित पाईप स्पंज आयरन द्वारा 4000 वृक्ष रोपित किए जाने की जानकारी दी गयी है लेकिन वास्तव में 4000 वृक्षारोपण नहीं किया गया है। जिससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। साथ ही प्रबंधन द्वारा पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हो रहा है। उक्त मामले की शिकायतकर्ता पप्पू अली व स्थानीय जनप्रतिनिधि के समक्ष भौतिक सत्यापन करने व विधिवत जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर संयंत्र के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की मांग की गयी है।



### रमेशरु केवट को मिली पीएचडी की उपाधि

**गिधौरी** । बिलाईगढ ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मिरचीद के निवासी रमेशरु केवट पिता खीखराम केवट को उनके शोध कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है, उनके शोध का शीर्षक डेवलपमेंट एण्ड एवलुएसन ऑफ हेडिचियम कोरोनेरियम फ्लावर एक्सट्रैक्ट लोडेक ऑफथैलमिक फारमूलेसन(स) फ़ॉर ओकुलर डिसऑडर(स) है इस शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉक्टर ऋषि पालीवाल सह प्राध्यापक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्यप्रदेश द्वारा किया गया । रमेशरु केवट का यह शोध आंख की बीमारी को ठीक करने के लिए दवा बनाया है और उसको साईटिफिट तरीके से जांच भी किया गया है और शोध पत्र एवं पुस्तक अध्याय के रूप अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित किया । उसने बी. फार्मा और एम. फार्मा (फार्मोकोलॉजी) कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी रायपुर से प्राप्त किया है। वर्तमान मे डॉ. रमेशरु केवट रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़ के फार्मेसी विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, गुरुओं और मित्रो को दिया है ।



### अछोटी में आज से श्रीमद्भागवत कथा

**सिर्री**। ग्राम अछोटी के खेल मैदान में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 17 से 23 नवंबर तक आयोजित है। यह आयोजन विष्णुराम, बलीराम, राधाबाई, जेठूमल परिवार द्वारा किया जा रहा है। परीक्षित टीकाराम त्रिवेणी साहू होंगे। कथावाचक आचार्य पं. युवराज पांडेय महाराज रहेंगे।

## निधन

### शांति बाई साहू

**पलारी** । ग्राम दतान (प) निवासी शांति बाई साहू का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया । वे डॉ. केजू राम साहू (महामंत्री भाजपा मंडल पलारी), संतराम साहू (शासकीय कर्मचारी) के माताजी थी। वहीं पवन, चंद्रदेव, नरेन्द्र, डीलेश्वर, व तोरण की दादी थी। शोक व्यक्त करने वाले मे ग्रामीण साहू समाज, बहुत संख्या में ग्रामीण,वरिष्ठजन शामिल हुए।



## समस्या : पुटपूरा-दौनाझर- घिरघोल मार्ग निर्माण तीन वर्षों से लंबित

# पुटपूरा-दौनाझर-घिरघोल मार्ग का निर्माण अधूरा, ग्रामीणों की समस्या ज्यों की त्यों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल


कसडोल के पुटपूरा दौनाझर घिरघोल मार्ग निर्माण की सालो से लंबित मांग पूरी हुई तो क्षेत्र की जनता मे ख़ुशी की लहर दौड़ गई कि सालो से जर्जर और कच्चे रास्ते पर चलने वाले लोग अब पक्के रोड़ पर चला करेंगे। मार्ग का निर्माण कार्य 2023 मे शुरू किया गया और 8 महीने की अवधि मे रोड़ को बन जाना था परंतु अभी 2025 को समाप्त होने मे एक माह ही बचा है मार्ग का निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है और दौनाझर - घिरघोल कि जनता आज भी परेशान है कच्चे धूल भरे, कीचड़ भरे मार्ग पर चलने के लिये।

■ गुणवत्ता और समय पर प्रश्नचिन्ह

पुटपूरा -दौनाझर - घिरघोल मार्ग जिसकी लम्बाई 3.2 किलोमीटर है और जिसकी अनुबंध राशि 347.90 लाख है जिसका निर्माण का ठेका लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन को दिया गया है और लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार द्वारा यह कार्य कराया जा रहा है। इस मार्ग के निर्माण सम्बंधित जानकारी के लिये जो सूचना फलक लगाया गया है जिसमे निर्माण के बारे मे आधी अधूरी जानकारी ही दर्शाई गई है जिसमें निर्माण कार्य की अवधि तो 8 माह दर्शाई गई है परंतु कार्य प्रारम्भ दिनांक ही नादारत है। मार्ग का निर्माण कार्य लगभग तीन वर्षों से चल रहा है न जाने कितने अधिकारी निर्माण कार्य के निरीक्षण के लिये आये होंगे परंतु किसी का ध्यान फलक पर नहीं गया जिसमें छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग संभाग रायपुर (छग) लिखा है जबकि निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार (छग) द्वारा कराया जा रहा है।

## 3.2 किलोमीटर लंबा मार्ग, 347.90 लाख की लागत में निर्माण








### मार्ग निर्माण लेकर पहले भी उठे थे सवाल

मार्ग का निर्माण प्रारम्भ हुआ तभी से कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे थे कि मार्ग निर्माण मे मुरुम के स्थान पर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है सही कंप्रेशन नहीं किया गया है पानी का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है आदि, फिर निर्माण कार्य बंद रहा अब गांव मे बनाई जा रही रोड़ के दोनों और नाली को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की है इस तरह मार्ग का निर्माण विवादों से अभी भी घिरा है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का कहना है वर्षों से लंबित मांग थी पूरी हो रही है तो निर्माण गुणवत्ता पूर्ण हो ताकि हम लोग कुछ वर्षों तक अच्छे रास्ते पर चलने को मिलेगा।

### क्या कहते हैं अधिकारी

निर्माण कार्य के ठेकेदार ने दो बार एक्सटेंशन लिया है और तीसरी बार वार्निंग देकर कार्य कराया जा रहा है और दिसम्बर तक कार्य पूरा करा लिया जायेगा।

- **प्रबोध गुप्ता,** अनुविभागीय अधिकारी

# गिंदोला में कृष्णवंशी यादव समाज की बैठक में शिक्षा और एकता पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम गिंदोला में कृष्णवंशी यादव समाज लवन परिक्षेत्र का बैठक परिक्षेत्र अध्यक्ष भीखम यादव की अध्यक्षता में 15 नवंबर को संपन्न हुआ। यादव समाज की बैठक में सामाजिक एकता के साथ-साथ शिक्षक के महत्व पर जोर दिया गया। जिसमें समाज के युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। समाज की प्रगति के लिए शिक्षा को एक आवश्यक माध्यम माना गया और सामाजिक कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा और अशिक्षा को दूर करने पर भी चर्चा हुई।

■ युवाओं को शिक्षा के महत्व के प्रति किया गया प्रोत्साहित

गिंदोला में कृष्णवंशी यादव समाज लवन परक्षेत्र द्वारा आयोजित बैठक का शुभारंभ सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा समाज के लोगों की उपस्थिति में अपने इष्टदेव कृष्ण भगवान की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। लवन परिक्षेत्र अध्यक्ष भीखम यादव ने कहा कि किसी भी समाज का विकास शिक्षा से ही संभव है। अगर समाज को आगे बढ़ाना है तो शिक्षा अत्यंत जरूरी है। उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए उपस्थित समाजजनों को एकजुट रहने का आह्वान किया।

कोषाध्यक्ष महासिंग यादव ने बैठक में समाज के युवाओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया क्योंकि शिक्षा को समाज के विकास के लिए आवश्यक माना गया है। बैठक में फिजूल खर्ची से बचते हुए समाज के युवक युवती का जयमाला शादी कराया गया। एक दिवसीय बैठक में बलौदाबाजार जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, सलाहकार ईश्वर यादव, रामकुमार यादव, जिला संगठन मंत्री सुनहर, जिला मीडिया प्रभारी तिलक यादव, लवन राज उपाध्यक्ष देवचरण यादव, कोषाध्यक्ष महासिंग यादव, मुख्य सलाहकार लवन राज राजेश यादव, पांच मनीराम यादव, भुजाली यादव, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# खैरा में एफएलएन मेला: बच्चों में उत्साह और शिक्षा का संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत खैरा के शासकीय प्राथमिक शाला खैरा क में जगन्नाथ प्रसाद देवांगन उत्कृष्ट प्रधानपाठक के नेतृत्व में एफ एल एन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामभरोस साहू, सदस्यों में भगत राम साहू, बृहस्पति साहू, स्टाफ सदस्यों, ग्रामवासियों, छात्र-छात्राओं एवं समूह के सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती के पूजन सभी के द्वारा किया गया। इसके बाद कार्यक्रम संचालन कर रहे जगन्नाथ ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर कहा कि इसमें विभिन्न प्रकार के स्टॉल के माध्यम से बच्चों को हिंदी गणित अंग्रेजी के बारे में स्वतंत्र रूप से पढ़ना और नहीं जानने वाले बच्चों को बताना बच्चों के द्वारा ही बताना था। इसमें शिक्षक को केवल निगरानी करना था। इस प्रकार मेला के नाम से सभी बच्चे बहुत उत्साह के साथ अलग-अलग स्टाल में जाकर आनंद ले रहे थे और चित्र चार्ट के माध्यम से जानने का प्रयास कर रहे थे। दूसरे सत्र में बाल दिवस मनाया गया, जिसमें बच्चों के द्वारा गीत, कविता डांस और चाचा नेहरू के बारे में जानने के उत्सुक थे। इस प्रकार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एफ एल एन मेले के आयोजन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और वे अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित होते हैं।

## वटगन विद्यालय में मना विश्व आदिवासी गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन में विश्व आदिवासी गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। संस्था प्रमुख एच.के. वर्मा ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज की पहचान, अधिकार और सम्मान के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, इसलिए उनका योगदान सदैव अमर रहेगा। कार्यक्रम स्थल बिरसा मुंडा अमर रहें के नारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर व्याख्याता बी.एल. ढीढ़ी, एम.के. वैष्णव, रेखा वर्मा, सगुण सोनी, सुशीला जांगड़े, नीलम फेकर, श्वेता वर्मा, जित्तू बंजारे सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# जूनियर खो-खो में बालक-बालिकाओं ने दिखाया दम, पुरस्कारों से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत असनींद में एक दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असनींद में जिला स्तरीय जूनियर बालक बालिकाओं का खोखो कार्य जिसमें बालक वर्ग में 2000 हजार रूपये, कोदवा भाठापारा 1000 हजार रूपये, लेवई भाठापारा 2000 हजार रूपये, बालिका वर्ग को देवरी कला बालिका वर्ग 1000 हजार रूपये, इसी तरह विजेताओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया था, कार्यक्रम सफल हुआ हैं।

इस अवसर पर सरपंच संतोष कुमार ध्रुव, मोरध्वज पैंकरा, सभापति खेल एवं युवा कल्याण जनपद पंचायत कसडोल। गायत्री यशवंत जाटवर सरपंच ग्राम पंचायत हटौद, रजनी राजेंद्र महिलांगे सरपंच ग्राम पंचायत बैगनडबरी, पूजा निर्मल सिंह कमलवंशी सरपंच ग्राम पंचायत बिलारी, कौशलदास मानिकपुरी उपसरपंच ग्राम पंचायत असनींद, आर के रात्रे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय असनींद, भगवान सिंह पैंकरा अध्यक्ष जिला खो-खो संघ बलौदाबाजार भाठापारा, संतोष जायसवाल उपाध्यक्ष खो-खो संघ बलौदाबाजार भाठापारा, कमल कैवर्त्य पूर्व पार्षद नगर पंचायत कसडोल, लक्ष्मीशंकर जायसवाल युवा नेता असनींद, रामचंद्र ध्रुव पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत असनींद का



### रवान के विद्यार्थियों ने खो-खो में चमक बिखेरी

**रवान** । ग्राम अस्नींद (कसडोल) में आयोजित जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारती विद्या मंदिर स्कूल रवान के तेजस्वी विद्यार्थी कक्षा 10वीं के नील नितिन वर्मा, कक्षा 9वीं जिज्ञांशु यदु, कक्षा 8वीं के हर्ष ध्रुव, कक्षा 7वीं के अजीत, रितेश, जितेश, 6वीं आर्यन ध्रुव, भव्य साहू, नमन साहू जिन्होंने खो-खो खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कोच के रूप में विद्यालय के खेल प्रभारी जयकिशन साहू सर उपस्थित रहे ।



## विधायक इंद्रसाव ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# बच्चों को मिला नशामुक्ति व परीक्षा तैयारी का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा


किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउण्डेशन के चेयरमैन अरूण छाबड़ा द्वारा विभिन्न शालाओं में बच्चों के मोटिवेशनल, नशामुक्ति, परीक्षा की तैयारी पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आत्मा नंद स्कूल प्रिंसपल वर्मा सर अर्जुनी, मॉडर्न स्कूल प्रीति तामड़े भाटापारा,पंचम दीवान कन्या शाला में किया गया ब नगर के पंचम दीवान शास कन्या शाला में कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में भाटापारा क्षेत्र के विधायक इंद्रसाव थे।

■ किरण इवेंट फ्यूज़न फाउंडेशन की पहल



कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक के द्वारा मां सरस्वती के पूजा पूजन के पश्चात प्रारंभ किया गया।विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरा पूरा परिवार शिक्षक परिवार से जुड़ा हुआ है और बच्चों से जु ड़कर रहना और उनके समस्याओं को सुलझाना मेरा प्रमुख उद्देश्य रहता है। रूपाली गांधी ने बच्चों को व्यक्तित्व विकास का अर्थ परीक्षा की तैयारी और उसके छोटे छोटे टिप्स दिए स्वास्थ्य अपनी दिनचर्या कैसी हो भारतीय संस्कृति संस्कार माता पिता और बड़ों का सम्मान कैसे और क्यों करें विधार्थियों में अच्छी। आदतें आदि अनेक विषयों की जानकारी दी सीए खुशी सोंनछत्र द्वारा केरियर काउंसिल शेषन में गामिंन छेत्रो में अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया कभी हार न मानते हुए शिक्षा के महत्व को समझाते हुए आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीमामल डा वीणा साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, बीआरसीसी दुर्गेश शर्मा, समन्वयक मुकेश देवांगन, राजेश नामदेव, संस्था स्टाफ केशव वर्मा, नारायण निर्मलकर एस एल वर्मा, जेठूराम ध्रुव, मनीष देवांगन, मंजू वर्मा, रेखापाल सानिया, भूषण यादव, गवेंद्र साहू नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे। संस्था की ओर से मांग पत्र संस्था के प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव ने पढ़ा। कार्यक्रम का संचालन खुशबू ठाकुर किया आभार व्यक्त संस्था की वरिष्ठ व्याख्याता संतोष कुमार यादव ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411